अनुक्रमांक /Roll No.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें ।
Candidate should write his/her Roll No. here.

कुल प्रश्नों की संख्या : 8
Total No. of Questions : 8

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7
No. of Printed Pages : 7

# M-2020 – V

## सामान्य हिन्दी एवं व्याकरण
## GENERAL HINDI AND GRAMMAR
## पाँचवा प्रश्न–पत्र
## FIFTH PAPER

समय : 03 घंटे]
Time : 03 Hours]

[पूर्णांक : 200
[Total Marks : 200

प्रश्न : 1. इस प्रश्न में **25** लघुत्तरीय प्रश्न हैं, **प्रत्येक** प्रश्न का उत्तर अधिकतम **20-25** शब्दों में देना है । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं । **प्रत्येक** प्रश्न **03 (तीन)** अंकों का है । **(25×03=75)**

प्रश्नः (1.1) पारिभाषिक शब्दावली का तात्पर्य क्या है ?

प्रश्नः (1.2) उपमा अलंकार किसे कहते हैं ?

प्रश्नः (1.3) संस्कृत आचार्य दंडी की अलंकार संबंधी परिभाषा को स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्नः (1.4) शब्दालंकार का तात्पर्य क्या है ?

प्रश्नः (1.5) तद्भव शब्द किसे कहते हैं ?

प्रश्नः (1.6) बहुव्रीहि समास किसे कहते हैं ?

प्रश्नः (1.7) स्वर संधि की स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्नः (1.8) तत्सम शब्द का अर्थ क्या है ?

प्रश्नः (1.9) पर्यायवाची शब्द किसे कहते हैं ?



[P.T.O.

प्रश्नः (1.10) विराम चिन्हों से तात्पर्य क्या है ?

प्रश्नः (1.11) संधि का अर्थ क्या है और उसके प्रकार कौन-से हैं ?

प्रश्नः (1.12) द्वंद्व समास का अर्थ क्या है एवं उसके प्रकार कौन-से हैं ?

प्रश्नः (1.13) कहावत किसे कहते हैं ?

प्रश्नः (1.14) तत्सम और तद्भव शब्दों के अंतर को लिखिए।

प्रश्नः (1.15) व्यंजन संधि किसे कहते हैं ?

प्रश्नः (1.16) पल्लवन का अभिप्राय क्या है ?

प्रश्नः (1.17) संक्षेपण का तात्पर्य क्या है ?

प्रश्नः (1.18) समास किसे कहते हैं ?

प्रश्नः (1.19) पल्लवन लेखन की सामान्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

प्रश्नः (1.20) 'कर्मधारय समास' का तात्पर्य क्या है ?

प्रश्नः (1.21) रूपक अलंकार का तात्पर्य क्या है ?

प्रश्नः (1.22) विलोम शब्द किसे कहते हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

प्रश्नः (1.23) मुहावरा का तात्पर्य क्या है ?

प्रश्नः (1.24) मुहावरें तथा लोकोक्तियों के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्नः (1.25) मुख्य आठ विराम चिन्हों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न : 2. प्रश्न अलंकारों से संबंधित है : **(05×01=05)**

प्रश्न : 2.1 **शब्दालंकार :-**

प्रश्नः 2.1 (1) वर्णों अथवा व्यंजनों की समानता या पुनरावृत्ति जहाँ होती है वहाँ कौन-सा अलंकार होता है ?

प्रश्नः 2.1 (2) लाटानुप्रास अलंकार किस प्रदेश से संबंधित माना जाता है ?

प्रश्नः 2.1 (3) "तो पर बारों उरबसी, सुनु राधिके सुजान।
तू मोहन के उरबसी, है उरबसी समान।।" इन पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है ?

प्रश्नः 2.1 (4) जहाँ पर ऐसे शब्दों का प्रयोग होता हो जिनसे एक से अधिक अर्थ निकलते हों, वहाँ पर कौन-सा अलंकार होता है ?

प्रश्नः 2.1 (5) अनुप्रास के कितने और कौन-से भेद हैं ?

प्रश्न : 2.2 **अर्थालंकार :-** **(05×01=05)**

प्रश्न: 2.2 (1) 'उपमा' यह किस प्रकार का अलंकार है ?

प्रश्न: 2.2 (2) 'पीपर पात सरिस मन डोला' इस पंक्ति में प्रयुक्त शब्द 'डोलना' में उपमा का कौन-सा अंग है ?

प्रश्न: 2.2 (3) "बीती विभावरी जागरी / अम्बर पनघट में डूबो रही ताराघट ऊषा नागरी।" इन पंक्तियों में रूपक का कौन-सा भेद है ?

प्रश्न: 2.2 (4) उत्प्रेक्षा के प्रधान भेद कितने हैं ?

प्रश्न: 2.2 (5) हेतुउत्प्रेक्षा अलंकार में 'हेतु' का सामान्य अर्थ क्या है ?

प्रश्न : 3. वाक्यों का हिन्दी से अंग्रेजी एवं अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद कीजिए।

प्रश्न : 3.1 निम्नलिखित वाक्यों का **हिन्दी से अंग्रेजी** में अनुवाद कीजिए **: प्रत्येक** प्रश्न **4 (चार)** अंकों का है। **(05×04=20)**

प्रश्न: 3.1 (1) वहाँ एक ऐसी महिला रहती है जिसकी उम्र का तुम अंदाजा नहीं लगा सकते।

प्रश्न: 3.1 (2) अपनी पत्नी के जन्मदिवस पर मैंने उसे एक फर कोट भेंट किया जिसे पाकर वह फूली न समाई।

प्रश्न: 3.1 (3) इस तंग गली में तेजी से गाड़ी चलाना ठीक नहीं है।

प्रश्न: 3.1 (4) अब आँखें खोल लीजिए।

प्रश्न: 3.1 (5) भारत की विजय अवश्यंभावी है।

प्रश्न : 3.2 निम्नलिखित वाक्यों का **अंग्रेजी से हिन्दी** में अनुवाद कीजिए : **प्रत्येक** प्रश्न **3 (तीन)** अंकों का है। **(05×03=15)**

प्रश्न: 3.2 (1) A Good teacher may not be a good author, and vice versa.

प्रश्न: 3.2 (2) He is the founder of this institution as well as it's director.

प्रश्न: 3.2 (3) By order, District Magistrate.

प्रश्न: 3.2 (4) Eligible for government Accommodation.

प्रश्न: 3.2 (5) It can safely be Admitted that ...

प्रश्न : 4. इस प्रश्न में हिन्दी व्याकरण से संबंधित (संधि, समास, विराम चिन्ह इत्यादि) प्रश्न हैं । **सभी प्रश्न अनिवार्य** हैं । **प्रत्येक** प्रश्न **02 (दो)** अंकों का है । **(10×02=20)**

प्रश्न: (4.1) 'भाई–बहन' यह किस समास का उदाहरण है ?

प्रश्न: (4.2) 'चंद्रमुखी' में कौन–सा समास है ?

प्रश्न: (4.3) 'कल्पांत' शब्द की स्वर संधि लिखिए ।

प्रश्न: (4.4) 'नि:संदेह' का संधि विच्छेद कीजिए ।

प्रश्न: (4.5) 'हस्तिदंत' का संधि विच्छेद क्या है ?

प्रश्न: (4.6) 'दाल–भात' में किस प्रकार के चिन्ह का प्रयोग हुआ है ?

प्रश्न: (4.7) "मेरी भवबाधा हरो . . . । . . . श्याम हरित दुति होय" वाक्य में प्रयुक्त चिन्ह कौन–सा है ?

प्रश्न: (4.8) 'आभ्यस्थ' का शुद्ध रूप लिखिए ।

प्रश्न: (4.9) 'बुढ़िया चरखा कातती है' वाक्य का शुद्ध रूप लिखिए ।

प्रश्न: (4.10) निम्नलिखित वाक्य में सही चिन्हों का प्रयोग कर दुबारा लिखिए ।
"भारत ने सहायता की बांग्लादेश आजाद हुआ दोनों देश गहरे मित्र बन गए ।"

प्रश्न : 5. इस प्रश्न में प्रारंभिक व्याकरण, शब्दावलियों से संबंधित निम्नलिखित **10** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **प्रत्येक** प्रश्न **02 (दो)** अंकों का है । **(10×02=20)**

| S.No. | प्रश्न |
|---|---|
| 1 | 'अभिरक्षा' का शाब्दिक शब्द अंग्रेजी में लिखिए । |
| 2 | 'Statesman' का शाब्दिक शब्द हिन्दी में लिखिए । |
| 3 | 'आधा तीतर–आधा बटेर' का अर्थ क्या है ? |

| | |
|---|---|
| 4 | 'कृतज्ञ' का विलोम शब्द लिखिए। |
| 5 | 'जिसमें चार पद हैं'। अनेक शब्दों के लिए एक शब्द बताइए। |
| 6 | 'वत्स' का तद्भव रूप बताइए। |
| 7 | 'अमृत' के तीन पर्यायवाची शब्द। |
| 8 | Endorsement को हिन्दी में लिखिए। |
| 9 | 'विपणन' का शाब्दिक शब्द अंग्रेजी में लिखिए। |
| 10 | 'Impost' का शाब्दिक शब्द हिन्दी में लिखिए। |

प्रश्न : 6. निम्नलिखित में से किसी **एक** गद्यांश के आधार पर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए। अभ्यर्थी जिस गद्यांश का उत्तर लिख रहे हैं उसका स्पष्ट शीर्षक/क्रमांक का उल्लेख करें। **(05×04=20)**

गद्यांश :

साहित्य में मनुष्य के जीवन का प्रवाह प्रतिलक्षित होता है। साहित्य स्वयं इस प्रवाह और मनुष्य की क्रमशः विस्तारित होती हुई चेतना का परिणाम है। कई अर्थों में वह इस प्रवाह की दिशा और गति को भी प्रभावित करता है। साहित्य में निहित स्थितियों की व्याख्या और मूल्यांकन केवल सौंदर्य और रसानुभूति के क्षेत्र तक सीमित नहीं होते, उनका सामाजिक अर्थ और प्रभाव बड़ा व्यापक होता है। साहित्य मनुष्य की स्वयंचेतना और जीवन–चेतना में जन्म लेता है। भाषा और मानवीय चेतना के विकास में निकट का संबंध है।

(i) लेखक के अनुसार साहित्य वास्तव में क्या है ?

(ii) साहित्य में निहित स्थितियों की व्याख्या और मूल्यांकन उसे किन कारणों से संकीर्ण बना देते हैं ?